संसद सदस्यों ने श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर को श्रद्धासुमन अर्पित किए

...

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2023: संसद सदस्यों ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री एम. अनंतशयनम अयंगर को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्री एम. अनंतशयनम अयंगर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री एम.ए. आयंगर एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात सांसद थे । वह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा, अंतरिम संसद और पहली से तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे । 1952 में पहली लोक सभा के गठन के समय श्री एम.ए. आयंगर सर्वसम्मति से लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए । इससे पहले वह संविधान सभा (विधायी) के उपाध्यक्ष और अंतरिम संसद के उपाध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे । तत्कालीन अध्यक्ष, श्री जी.वी. मावलंकर के आकस्मिक निधन के पश्चात् श्री आयंगर को 8 मार्च, 1956 को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । 1957 में दूसरी लोक सभा का गठन होने पर श्री आयंगर को पुनः सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया । यद्यपि, वह तीसरी लोक सभा के लिए चुने गए थे, परन्तु बिहार के राज्यपाल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।

श्री आयंगर का 19 मार्च, 1978 को निधन हो गया ।